Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

# Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
**E-mail:** fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

मध्य प्रदेश शासन

पन्ना टाईगर रिजर्व

## प्रेस नोट

## पन्ना टाइगर रिजर्व में कंजरवेशन ड्रोन्स (यू.ए.व्ही.) का प्रयोगात्मक परीक्षण



पूर्व में सूचित किये अनुसार दिनांक 10 एवं 11.1.2014 को पन्ना टाइगर रिजर्व में प्रयोगात्मक तौर पर मानव रहित विमान का उपयोग वन्यप्राणी एवं वनों के प्रबन्धन व संरक्षण में किस तरह उपयोग में लाया जा सकता है, इसका क्रियान्वयन किया जावेगा। यह कार्यक्रम भरतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून, विश्व प्रकृति निधि–अन्तर्राष्ट्रीय कंजरवेशन, ड्रोन्स स्विटजरलैण्ड, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। कंजरवेशन ड्रोन स्विटजरलैण्ड संस्था के द्वारा दुनिया के अलग–अलग देशों में इस तकनीक का क्रियान्वयन किया गया है जिसके परिणाम काफी सफल साबित हो रहे हैं। पन्ना टाइगर रिजर्व में हो रही बाघ पुनर्स्थापना योजना से सम्बन्धित अलग–अलग पहलुओं में मुख्य रूप से यह तकनीक किस हद तक मदद कर सकती है, इसका परीक्षण किया जावेगा। इस प्रयोग में उपयोग में लाये जाने वाले मानव रहित विमान का आकार लगभग 1 से 2 मीटर की चौड़ाई, 2 कि.ग्रा. वजन के होंगे। इनकी रफ्तार 1 घंटे में अधिकतम 50 कि.मी. का होगा एवं आटो पायलेट के आधार पर संचालित होंगे। इनकी विशेषता यह है कि जिस जगह यह उड़ान भरेंगे, उसी जगह प्रोग्राम के आधार पर वापस आने में सक्षम हैं। यह तकनीक इतनी सरल है कि भविष्य में विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी स्तर से ही उपयोग में लाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में कंजरवेशन ड्रोन संस्था की ओर से श्री लियान एवं सायमन, विश्व प्रकृति निधि–अन्तर्राष्ट्रीय की ओर से डा0 क्रिस्टी विलियम्स, भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से डा. के. रमेश एवं डा0 शुभरंजन सेन, म.प्र. वन विभाग की ओर से प्रमुख सचिव, श्री बी.पी. सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक म.प्र. श्री अनिल ओबेराय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) म.प्र. श्री नरेन्द्र कुमार भाग लेंगे। इस कार्यक्रम से सम्बन्धित समस्त आवश्यक औपचारिकतायें एवं स्वीकृतियां समस्त सम्बन्धित संस्थाओं से भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून की ओर से प्राप्त की जा चुकी है।

दिनांक – 08.01.2014

**क्षेत्र संचालक**
**पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना**